| श्री पंकज मलिक<br>13-01-2025 | 14-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार नियुक्त लेखपालों के अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण की कोई नीति है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त हेतु स्थानान्तरण नीति बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |
| | ------ | |
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>13-01-2025 | 15-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र केराकत के ब्लाक केराकत के ग्राम हुरहुरी, पोस्ट जय गोपालगंज में काली रोड से शंकर प्रसाद सिंह के घर से होते हुए डॉक्टर राम सिंह के घर तक तथा काली रोड से देवी प्रसाद सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 13-01-2025 | 16-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में मुख्य बेतवा नहर से मोंठ रजवहा निकलता है, मोंठ रजवहा के 4 किमी0 पर बने साइफन के कारण पानी आगे नहीं बढ़ता है ? क्या सरकार साइफन को तोड़कर ऊपर से पानी निकालकर टेल तक पानी पहुंचायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कविन्द्र चौधरी 13-01-2025 | 17-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के टिनिच डिवाई के माइनर एवं एकटेकवा माइनर में सफाई का कार्य कराने के बाद भी पानी नहीं आता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त माइनरों में पानी पहुँचायेगी ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त माइनरों से कौन-कौन से गांवों के कितने हेक्टेयर खेतों की सिंचाई होती है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल 13-01-2025 | 18-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपदों में सूखे की स्थिति के कारण मजदूरों के पलायन को रोकने हेतु कोई योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती रेखा वर्मा 13-01-2025 | 19-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समस्त कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में स्वीकृत पद के सापेक्ष कितने पदों में ओ0बी0सी0, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य श्रेणी के कितने पदों पर रिक्तियां हैं ? क्या सरकार की उक्त रिक्त पदों को भरने की कोई योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती रेखा वर्मा 13-01-2025 | 20-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बिना मानचित्र की अवैध प्लाटिंग होने की जानकारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त के विरुद्ध कार्रवाई करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>13-01-2025 | 21-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य में गैर कृषि उपयोग व आबादी वाले भू-खण्ड को खतौनी में दर्ज करने का नियम नहीं है, जिसके कारण पूर्व में दर्ज अन्तिम नाम वाले भूस्वामी द्वारा भूखण्ड को फर्जी तरीके से पुनः बेचने की शिकायत प्राप्त होने की जानकारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार विक्रय विलेख निष्पादन के समय ही म्यूटेशन भी भू-अभिलेखों में दर्ज किये जाने सम्बन्धी व्यवस्था किये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |
| | ------ | |
| डॉ0 नीरज बोरा<br>13-01-2025 | 22-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर निगम के अन्तर्गत फैजुल्लागंज चतुर्थ में सरकारी भूमि खसरा नम्बर-55, 319, 458, 437, 469, 550 एवं 535 अवैध कब्जा है ? यदि हां, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि उक्त क्षेत्र के लेखपाल द्वारा भू-माफिया के साथ मिली-भगत है ? क्या सरकार सम्बन्धित लेखपाल व भू-माफिया के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा प्रश्नगत खसरा नम्बर की पैमाइश कर सरकारी भूमि को संरक्षित और सुरक्षित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |
| | ------ | |
| श्री त्रिभुवन दत्त<br>13-01-2025 | 23-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम-विमावल (चूहड़पुर) दलित बस्ती से क्षत्रिय बस्ती होते हुए अशरफाबाद तक का मार्ग जर्जर होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग को पिच मार्ग का कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>14-01-2025 | 24--[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>14-01-2025 | 25-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों में गठित समितियों को संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं ? यदि हां तो क्या सरकार | पंचायती राज-3 |

उन अधिकारों का ब्यौरा सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार त्रिस्तरीय पंचायतों में गठित समितियों को संवैधानिक अधिकार देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>14-01-2025 | 26-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत पांच वर्षों में कितनी बंजर अथवा कृषि के लिए अयोग्य भूमि को कृषि योग्य बनाया गया ? क्या सरकार विगत पांच वर्षों के दौरान बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाने का जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार अवशेष बंजर भूमि को किसी निश्चित समयावधि में कृषि योग्य बनाना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | परती भूमि विकास |
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>14-01-2025 | 27-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (यू0पी0एच0 ई0एस0सी0) के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया है ? क्या सरकार यह बताएगी कि उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग में वर्तमान समय कितने सदस्य हैं ? क्या सरकार किसी निश्चित समय अवधि में आयोग का अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | उच्च शिक्षा-5 |
| श्री शहजिल इस्लाम अंसारी<br>14-01-2025 | 28-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों के लेखा परीक्षण में जांच के नियम 258 व 259 द्वारा लेखा परीक्षा अधिकारी को एकतरफा अधिकार न होते हुए भी उनकी रिपोर्ट पर पंचायत प्रतिनिधियों के विरुद्ध कार्रवाई होने की जानकारी सरकार को है ? यदि हां तो क्या सरकार पंचायतों में जांच के नियम 258 व 259 का परिपालन कराना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | पंचायती राज-3 |
| श्री शहजिल इस्लाम अंसारी<br>14-01-2025 | 29-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के मान्यता प्राप्त प्राइवेट प्राथमिक विद्यालयों में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम से पृथक कोई कोर्स या किताबें पढ़ाने तथा उक्त हेतु किसी खास दुकान से क्रय कराने की अनुमति है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या | बेसिक शिक्षा-3 |

| | | |
|---|---|---|
| | है ? क्या सरकार जनहित में प्राइवेट विद्यालय संचालकों द्वारा अविभावकों का आर्थिक शोषण रोकने के दृष्टिगत प्राइवेट विद्यालयों में भी मुफ्त/रियायती मूल्य पर किताबें उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>14-01-2025 | 30-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विभिन्न गाँवों के किसानों की जमीन मौजा जहानाबाद मे छोइया नदी में नहर का पानी छोड़ने से किसानों की जमीन जलमग्न हो जाने से उनको फसल वर्ग पैदावार नही मिल पाती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या के समाधान हेतु कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |
| | ------ | |
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>14-01-2025 | 31-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ब्लाक जलीलपुर के ग्राम सबदलपुर खुर्द में श्री तेजराम सिंह पुत्र श्री नाथे सिंह के घर से श्री हुकुम सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह के मकान तक का मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आम-जन को आवगमन में परेशानी होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर सी0सी0 रोड का निर्माण कराने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-1 |
| | ------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>14-01-2025 | 32-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में ऐसे कितने नलकूप हैं जो वर्तमान में बन्द हैं ? क्या सरकार उक्त बन्द पड़े नलकूपों को चिन्हित कर पुनः संचालित कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यो ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |
| | ------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>14-01-2025 | 33-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा सिरसागंज में ऐसे कितने तालाब हैं, जिसमें पूर्ण रूप से पानी न होने के कारण किसानों एवं जलीय जन्तुओं को परेशानी हो रही है? क्या सरकार ऐसे तालाबों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराते हुए उक्त तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>14-01-2025 | 34-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में अन्त्येष्टि स्थलों पर शव का दाह करने हेतु इलेक्ट्रानिक हीटर लगाए जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>14-01-2025 | 35-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में संचालित प्राथमिक विद्यालयों की क्लास/कक्ष जीर्णशीर्ण अवस्था में होने से अध्यापन सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त संचालित प्राथमिक विद्यालयों की क्लास कक्षों को स्मार्ट क्लासेस के रूप में निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>14-01-2025 | 36-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में निजी शिक्षण संस्थानों में बच्चों की शिक्षा के लिए कॉपी-किताबों का कोर्स निजी संस्थानों एवं उनके सम्बन्धित दुकान विक्रेताओं द्वारा अभिभावकों को महंगा दिया जाता हैं? क्या सरकार उक्त स्थिति में निजी संस्थानों द्वारा किए जा रहे कृत्य पर रोक लगाते हुए बच्चों की शिक्षा के लिये अभिभावकों को सस्ता कोर्स या अत्यन्त कम शुल्क पर कोर्स उपलब्ध कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>14-01-2025 | 37-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद न्यायालय चित्रकूट भवन निर्माण, अवस्थापना सुविधा (पेयजल, सड़क, अधिवक्ताओं के चेम्बर, फर्श आदि) के निर्माण हेतु कोई कार्य योजना बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | न्याय-9 (बजट) |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>14-01-2025 | 38-क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जूनियर इंजीनियर के पदों पर केन्द्र और अन्य प्रदेशों की भांति बी0टेक0 छात्र अर्ह होते हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण<br>[03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-09 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>14-01-2025 | 39-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ उत्तर विधान सभा क्षेत्र में सभी मुख्य मार्ग/बाजार जिसमें डालीगंज, कपूरथला, सीतापुर रोड, कुर्सी रोड, चौक आदि प्रमुख स्थान पर शाम को यातायात जाम हो जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि पुलिस हल्का इंचार्ज/जिम्मेदार लोगों की रेहड़ी-पटरी दुकानदारों की संलिप्तता के कारण अव्यवस्थित तरीके से दुकानें लगने से ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में अभियान चलाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर आवागमन को सुगम बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>15-01-2025 | 40-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे की प्रदेश में अधिवक्ताओं की हो रही हत्यायें सरकार के संज्ञान में हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित समय अवधि में दूसरे प्रदेशों की भांति प्रदेश में भी अधिवक्ता सुरक्षा कानून (लॉयर प्रोटेक्शन एक्ट) बनाना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | न्याय-7 (कल्याण निधि) |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>15-01-2025 | 41-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्राम पंचायत क्षेत्र में होने वाली निजी अथवा सार्वजनिक आपदा पर व्यय हेतु ग्राम पंचायत में आकस्मिक निधि का कोई प्रावधान है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार आकस्मिक निधि का प्रावधान सुनिश्चित करेगी ? क्या सरकार अंत्येष्टि स्थल विहीन ग्राम पंचायतों में किसी निश्चित अवधि तक अंत्येष्टि स्थल बनवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>15-01-2025 | 42-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि, मृत्यु के उपरान्त जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार द्वारा मृतक आश्रित को मिलने वाली राहत राशि की तय समय सीमा क्या है ? क्या सरकार तय समय-सीमा के अन्तर्गत उक्त राहत राशि का भुगतान सुनिश्चित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-11 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नफीस अहमद<br>15-01-2025 | 43-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र गोपालपुर में कुल कितने ग्रामों में पानी के टंकियों का निर्माण कराया गया है तथा उसमें से कितनी टंकियां वर्तमान में संचालित हैं तथा कितनी टंकियों का संचालन शेष है ? क्या सरकार शेष टंकियों को निश्चित अवधि के अन्तर्गत संचालित करवायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |
| | ------ | |
| श्री नफीस अहमद<br>15-01-2025 | 44-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र गोपालपुर के प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं रसोईयों के कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं रसोईयों को न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है ? क्या सरकार उक्त कर्मियों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर/मानदेय देते हुए राज्य कर्मचारियों की भांति सुविधा दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-4 |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>15-01-2025 | 45-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला फिरोजाबाद में अनेकों स्थानों पर ईट, बालू, मिट्टी की अवैध मण्डियां संचालित हैं जिससे सरकारी राजस्व की हानि हो रही है ? क्या सरकार ऐसी अवैध मण्डियों को चिन्हित कर कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | भू-तत्व एवं खनिकर्म [03-शुक्रवार के अतारांकित प्र0सं0-01 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>15-01-2025 | 46-क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका परिषद् मंझनपुर के सिराथू तहसील क्षेत्र में नहर पर बने अवैध पुलों के निर्माण से नहर की चौड़ान कम हो रही है, जिस कारण नहर का पानी पटरी के ऊपर से बहने लगता है और किसानों की खड़ी फसल नष्ट हो जाती है ? यदि हां, तो क्या सरकार नहर पर बने अवैध पुलों को बनाने वाली कम्पनियों पर कार्यवाही करते हुए पुलों का ध्वस्तीकरण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>15-01-2025 | 47-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के नगर पंचायत कटघर, लालगंज में आ0नं0-1405 रकबा 0.064 हे0 नवीन परती की सरकारी भूमि है ? उक्त सरकारी जमीन पर कतिपय दबंग व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर भवन निर्माण कराया गया है ? क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन को खाली करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |
| | ------ | |
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>15-01-2025 | 48-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड बेवर में बेवर-इटावा मार्ग पर शिवालय के निकट रमईहार (बरा) तक मार्ग की दूरी लगभग 500 मीटर क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>15-01-2025 | 49-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-हमीरपुर के तहसील मौदहा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम में पैमाइश कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 सं0 395896, दिनांक 10 जनवरी, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर क्या कारवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |
| | ------ | |
| श्री आशीष कुमार सिंह 'आशू'<br>15-01-2025 | 50-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावां के राघौपुर में राजकीय विद्यालय का निर्माण सरकार करायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |
| | ------ | |
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>15-01-2025 | 51-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमेठी की तहसील तिलोई के ग्राम सभा टेढ़ई में श्री विनोद विश्वकर्मा के घर से चौबीसी जाने वाले कच्चे मार्ग पर इण्टरलांकिग का कार्य तथा श्री भगौती प्रसाद यादव के घर से श्री कैलाश बिहारी श्रीवास्तव के घर तक क्षतिग्रस्त इण्टरलॉकिंग मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 15-01-2025 | 52-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के ब्लाक गुरसराय की ग्राम पंचायत सुजानपुरा में एक संगीत विद्यालय स्थापित कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 सं0 154859, दिनांक 05 सितम्बर, 2023 मुख्य मंत्री को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत 15-01-2025 | 53-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी की गरौठा विधान सभा क्षेत्र में स्थित राजकीय स्कूलों/इण्टर कालेजों में विज्ञान, गणित विषयों के अध्यापकों की तैनाती सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-2 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत 15-01-2025 | 54-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में बेतवा नदी पर एरच बांध परियोजना का कार्य करोड़ों की लागत के बावजूद पूर्ण न होने से सिंचाई एवं पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु परियोजना को पुनः प्रारम्भ कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-208930, दिनांक 04 सितम्बर, 2023 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-9 |
| | ------ | |
| डॉ0 नीरज बोरा 15-01-2025 | 55-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राजकीय बालिका इण्टर कालेज, नरही, लखनऊ को अन्यत्र स्थानान्तरित करने की प्रक्रिया के तहत उसे लखनऊ के फैजुल्लागंज वार्ड स्थित रहीम नगर डुडौली के गाटा संख्या-48, क्षेत्रफल 1.012 हे0 उपलब्ध सरकारी भूमि में स्थानान्तरित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा 15-01-2025 | 56-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के शासकीय अधिवक्ताओं का मानदेय व दैनिक भत्ता का संशोधन वर्ष 2016 के पश्चात् शासकीय अधिवक्ताओं का मानदेय व दैनिक भत्ता बढ़ाया गया है ? यदि हाँ, तो क्या | न्याय-3 (नियुक्तियां) |

सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>15-01-2025 | 57-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 07-01-2025 जिसका आई0जी0आर0एस0 न0-18157250006560 है, जो प्रमुख सचिव ग्रह को प्रेषित है जिसका विषय जनपद बरेली के थाना शाही ग्राम गौसगंज में शान्ति व्यवस्था बहाल कर अल्पसंख्यक समुदाय के विस्थापित व्यक्तियों को पुनः उनके ग्राम गौसगंज में स्थापित किए जाने के सम्बन्ध में था ? क्या सरकार उक्त पत्र पर कार्यवाही करते हुए ग्रामवासियों को उनके ग्राम में पुनः स्थापित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-12 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>15-01-2025 | 58-क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग का कार्यकाल 27 जून, 2024 के समाप्त होने के उपरान्त भी आयोग के सचिव किस नियम व प्रावधान के तहत जिलास्तर के अधिकारियों को कार्यवाही हेतु पत्र जारी कर रहे हैं ? क्या सरकार नियम विरुद्ध कार्य कर रहे आयोग के सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>15-01-2025 | 59-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के 892 राजकीय माध्यमिक सहायता प्राप्त विद्यालयों में 33 वर्षों से इण्टर कक्षाओं में व्यवसायिक शिक्षक को सिर्फ 15000 मात्र 10 महीने का मानदेय मिलता है अतिथि विषय विशेषज्ञ के रूप में रखा गया है, आज तक पद सृजन नहीं किया गया शिक्षक का दर्जा नहीं दिया गया रोजगार परक शिक्षा देने वाले लगभग ढाई हजार व्यवसायिक शिक्षक पूरे प्रदेश में आज भी बेरोजगार की तरह हैं ? क्या सरकार व्यवसायिक शिक्षक को स्थाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>15-01-2025 | 60-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में कितने नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना प्रस्तावित है ? क्या सरकार जनपद चित्रकूट के कर्वी (चित्रकूट) ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम मुकुंदपुर में माननीय राज्यपाल के नाम आवंटित भूमि लगभग 10 बीघे में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>15-01-2025 | 61-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समस्त प्राथमिक विद्यालयों/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर की व्यवस्था सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>16-01-2025 | 62-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आग से झुलसने/जलने पर पीड़ित परिवार को कितना मुआवजा प्रदान किया जाता है ? क्या सरकार मुआवजे की धनराशि को बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>16-01-2025 | 63-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थित सभी केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव कब से नहीं कराए जा रहे हैं ? क्या सरकार छात्र संघ बहाली कराकर छात्र संघ के चुनाव कराने के लिए विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'<br>16-01-2025 | 64-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद कानपुर नगर के चर्चित बिकरू कांड में शहीद हुए 8 पुलिसकर्मियों के आश्रितों में किन-किन को कब और किस विभाग में किस-किस पद पर मृतक आश्रित कोटे से नौकरी मिली है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>16-01-2025 | 65-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ग्राम बौहरा में पूर्व की ओर रास्ते पर गहरे-गहरे गड्ढे होने के कारण | पंचायती राज-2 |

छात्रों एवं आम-जन को आवागमन में परेशानी होती है ? क्या सरकार उक्त रोड का सी0सी0 निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री स्वामी ओउ्मवेश
16-01-2025

66-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ग्राम जटौला में मनोज कुमार पुत्र श्री गुलाब सिंह के घर से विक्रम पुत्र श्री उम्मेद सिंह के घर तक का मार्ग क्षतिग्रस्त होने से जलभराव की समस्या बनी रहती है ? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग को सी0सी0 रोड व नाला निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण [03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-05 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।]

------

डॉ0 वीरेन्द्र यादव
16-01-2025

67-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के महानगरों में ट्रैफिक जाम की समस्या निरन्तर बढ़ती जा रही है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त ट्रैफिक जाम की समस्या के निराकरण के लिये कोई व्यवस्था की गयी है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

गृह(पुलिस)-2

------

डॉ0 वीरेन्द्र यादव
16-01-2025

68-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 01 जून, से 25 सितम्बर 2024 तक हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसल को कितना नुकसान हुआ है ? क्या सरकार तहसीलवार नुकसान का आंकड़ा सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार उक्त हेतु किसानों को राहत प्रदान करने की कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

राजस्व-11

------

डॉ0 वीरेन्द्र यादव
16-01-2025

69-क्या सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्टार्टअप योजना के अन्तर्गत किसी इकाई को अधिकतम कितने रुपये का अनुदान दिये जाने का प्राविधान है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2023-2024 में कितने लोगों को कितना अनुदान स्टार्टअप योजना के अन्तर्गत दिया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स-1

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरमान खान<br>16-01-2025 | 70-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ शहर सहित पूरे प्रदेश में चीनी मांझा की बिक्री से बड़ी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं ? क्या ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस योजना सरकार बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह (पुलिस)-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>16-01-2025 | 71-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा में हर घर जल योजना के कार्यों में सी0सी0 मार्गों को तोड़ दिये जाने के कारण ग्राम वासियों को बारिश में आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्गों का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>16-01-2025 | 72-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्रांक संख्या क-6 327981 दिनांक 29 फरवरी, 2024 जो कतिपय स्थानों में एक्वागार्ड पर सीसी लाइनिंग का निर्माण गुणवत्ताहीन कर बालू की जगह पर मोटा बजरा प्रयोग किये जाने की जांच विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>16-01-2025 | 73-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा चरखारी के अन्तर्गत कुलपहाड़ में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>16-01-2025 | 74-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा चरखारी के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में बारात घर बनवाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>16-01-2025 | 75-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गंगा नदी में कुल कितने दूषित नाले मिल रहे हैं ? क्या सरकार द्वारा गंगा नदी को दूषित होने से | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

| | | |
|---|---|---|
| | बचाने के लिए कोई कार्य योजना प्रचलन में है ? यदि हां,तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री गौरव कुमार<br>17-01-2025 | 76-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी की विधान सभा क्षेत्र जैदपुर के विकास खंड हरख के अन्तर्गत बोजा-अहिरनपुरवा मार्ग पर पुलिया ना होने के कारण आम जनमानस को काफी कठिनाइयां हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग पर पुलिया का निर्माण कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-14 |
| | ------ | |
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>17-01-2025 | 77-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में हर घर जल योजना के अन्तर्गत प्रदेश के कितने प्रतिशत लोगों के घर कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है ? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि तक जल आपूर्ति कनेक्शन से वंचित शत प्रतिशत घरों में निशुल्क शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |
| | ------ | |
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>17-01-2025 | 78-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में घरेलू उपयोग हेतु अनावश्यक जल दोहन व जल प्रयोग की समस्या सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार अनावश्यक जल दोहन को रोकने के दृष्टिगत किए गए अल्पकालीन और दीर्घकालीन प्रयासों एवं उपायों का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-3 |
| | ------ | |
| श्री त्रिभुवन दत्त<br>17-01-2025 | 79-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में दिनांक 17/01/2025 तक कितने प्रवक्ता जनहित में अपने मूल स्थान से अन्यत्र महाविद्यालय एवं निदेशालय से संबद्ध हैं ? क्या सरकार उक्त की सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |
| | ------ | |
| श्री मनोज कुमार पारस<br>17-01-2025 | 80-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 14वें वित्त अनुदान द्वारा विकास हेतु दी जाने वाली राशि में प्रत्येक विधायक के द्वारा अपने क्षेत्र में | पंचायती राज-3 |

| | | |
|---|---|---|
| | विकास हेतु दिए गए प्रस्ताव में कोई धनराशि की सीमा सरकार निर्धारित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस 17-01-2025 | 81-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसी भी नागरिक के विरुद्ध दर्ज मुकदमों में माननीय न्यायालय द्वारा बाइज्जत बरी होने या मुकदमा समाप्त होने के उपरांत थानों के रजिस्टर नंबर 8 में दर्ज रिकार्ड को समाप्त करने हेतु सरकार कोई कार्य योजना बनाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह [03-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-03 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिभुवन दत्त 17-01-2025 | 82-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अंबेडकर नगर में रमाबाई राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय अकबरपुर अंबेडकरनगर से विगत 6 माह के अंदर कितने प्रवक्ताओं का ट्रांसफर किया गया है एवं कहां-कहां किया गया है ? क्या सरकार उक्त की सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिभुवन दत्त 17-01-2025 | 83-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अम्बेडकरनगर के रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर से कितने प्रवक्ता जनहित में दूसरी जगह अपने मूल स्थान से सम्बद्ध हैं तथा कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा 17-01-2025 | 84-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पूरे प्रदेश में मध्यम वर्गीय लोग जिनकी आय सीमा दो लाख रु0 वार्षिक है, ऐसे परिवारों को असमय असाध्य बीमारी होने पर जनपद स्तर पर ही जिलाधिकारी के माध्यम से तत्काल इलाज हेतु आर्थिक मदद दिलाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री कार्यालय-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल 17-01-2025 | 85-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शिक्षकों से शिक्षण कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य लिए जाने पर सरकार रोक लगाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>17-01-2025 | 86-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में संचालित प्राइवेट स्कूलों द्वारा ली जा रही अत्यधिक फीस को नियंत्रित करने के लिए कोई नीति सरकार बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-3 |
| श्री तुफानी सरोज<br>17-01-2025 | 87-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम के सभी विद्यालयों में एकल पाठ्यक्रम की अलग-अलग प्रकाशकों की पुस्तकें निर्धारित की गई हैं, जिसमें कुछ विषय की पुस्तकों के अध्याय में भिन्नता होने के कारण विद्यार्थियों को कठिनाई होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश के समस्त अंग्रेजी माध्यम के माध्यमिक विद्यालयों में एकल सरकारी पुस्तकें अथवा एक ही प्रकाशक की पुस्तकें पढ़ाये जाने की व्यवस्था लागू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-7 |
| श्री तुफानी सरोज<br>17-01-2025 | 88-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कोरोना की प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय लहर में कोरोना से मृत व्यक्तियों के कितने परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध करा दी गई है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-10 |
| श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया<br>17-01-2025 | 89-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूँ के विधान सभा क्षेत्र दातागंज ओसावां में बने राजकीय महाविद्यालय में पठन-पाठन/शिक्षण कार्य आरम्भ करने की कोई निश्चित समयावधि है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र में किन-किन विषयों की कक्षाएं संचालित करायेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |
| श्री राम सिंह पटेल<br>17-01-2025 | 90-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र पट्टी में आने वाले रामगंज रजबहा खण्ड 36 सुल्तानपुर में ग्राम विभारपुर तथा नचरौला बार्डर पर पुल का निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती पूजा<br>17-01-2025 | 91-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ते आधुनिक/साइबर अपराधों को नियंत्रित करने एवं आधुनिक साइबर अपराधों पर कठोरता से अंकुश लगाने हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में विशेष आधुनिक साइबर अपराध थाना स्थापित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>17-01-2025 | 92-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में यातायात नियंत्रण के लिये यातायात पुलिस कर्मियों की भारी कमी तथा यातायात पुलिस के पास जरूरी उपकरणों व संसाधनों का भी अभाव होने के कारण सड़क हादसों में लगातार वृद्धि हुई है ? क्या सरकार ने बेहतर यातायात व सड़क हादसों को रोकने के लिये कोई कार्य योजना बनाई ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>17-01-2025 | 93-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी विधान सभा क्षेत्रों में सिंचाई विभाग/खण्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-2022 तथा 2022-2023 व 2023-2024 में कौन-कौन से कार्य कराये गये हैं ? क्या सरकार उक्त कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>17-01-2025 | 94-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की संख्या लगातार घट रही है ? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद गाजीपुर में कितने ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जिनमें वर्तमान में छात्र-छात्राएं 100 से कम हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखते हुए छात्रों की संख्या बढ़ाने हेतु कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>17-01-2025 | 95-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में भूजल उपलब्धता के नवीनतम आंकलन के अनुसार अतिदोहित, क्रिटिकल एवं सेमी क्रिटिकल विकास खण्डों की संख्या तेजी से बढ़ रही है ? यदि हां, तो क्या | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-3 |

सरकार उक्त विकास खण्डों को सुरक्षित श्रेणी में लाये जाने के लिए सरकार द्वारा कोई प्रभावी कार्य योजना बनायेगी ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>17-01-2025 | 96-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार जिन ग्रामों की बसावटों की आबादी सौ से अधिक और ढाई सौ की आबादी से कम हैं, उन्हें पक्के सम्पर्क मार्ग से जोड़ने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-7 |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>17-01-2025 | 97-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को मध्याह्न भोजन में चावल, नमक, तेल आदि के अतिरिक्त अन्य पौष्टिक पदार्थ नहीं दिये जाने के कारण बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं ? क्या सरकार मध्याह्न भोजन में बच्चों को अन्य पौष्टिक पदार्थ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-4 |
| श्री लकी यादव<br>17-01-2025 | 98-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मल्हनी के अन्तर्गत प्रयागराज राष्ट्रीय राज मार्ग पर गुदरीगंज चौराहा से हसरौली मंदिर होते हुए शिवगुलगंज मार्ग तक सी0 सी0 सड़क जर्जर व गड्ढायुक्त हो गई है ? क्या सरकार उक्त सड़क का नवीनीकरण कार्य कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण<br>[03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-06 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| श्री लकी यादव<br>17-01-2025 | 99-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मल्हनी के विकास खण्ड करंजाकला में ग्राम हरबसपुर छुंछा छबीलेपुर के अन्तर्गत छुंछा पंचायत भवन से अखिलेश यादव पूर्व प्रधान के घर तक सी0 सी0 सड़क जर्जर व गड्ढायुक्त हो गई है ? क्या सरकार उक्त सड़क का नवीनीकरण कार्य कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विवेक कुमार वर्मा<br>17-01-2025 | 100-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पीलीभीत की तहसील वीसलपुर मुख्यालय पर सिविल जज जूनियर डिवीजन किराये के भवनों में संचालित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सिविल जज जूनियर डिवीजन के भवन एवं आवास की व्यवस्था तहसील वीसलपुर में ही राजस्व गांव खमरिया नवदिया की भूमि गाटा संख्या 635, 636, 638, 639, 640 एवं 641 के अधिग्रहित भूमि पर निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | न्याय-2 (अधीनस्थ न्यायालय) |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विवेक कुमार वर्मा<br>17-01-2025 | 101-क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उ0प्र0 राज्य हज समिति में आरक्षित श्रेणी के अनु0 जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग की रिक्तियों से बैकलाग को विशेष अभियान चलाकर पूरा किए जाने सम्बन्धी उ0प्र0 शासन अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-3 के शासनादेश सं0 1513/52-3-7 सा0(41)/2 दिनांक 23 जून 2007 तथा सहपठित उ0प्र0 शासन कार्मिक अनुभाग 2 के शासनादेश सं0 33/43/82/का-2/2007 दिनांक 22-05-2007 के अनुपालन मे वरिष्ठ लिपिक (अनु0 जाति) के पद पर श्री अशोक गौतम पुत्र श्री तेज बहादुर गौतम नि0 ग्राम घुंघौरा पो0 हरई जनपद पीलीभीत की नियुक्ति दिनांक 22-12-2007 को की गयी थी जिसकी मृत्यु उपरान्त उसके अपेक्षित मृतक आश्रित की अनुकम्पा नियुक्ति सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>17-01-2025 | 102-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में बड़वार झील से नुनार, चौकरी, डाडिया, सिर्वो, करगुवां आदि ग्रामों में पानी बड़वार झील से लिफ्ट कैनाल बनवाकर सरकार पहुंचायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>18-01-2025 | 103-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार ने संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में वर्णित समस्त 29 विषयों से संबंधित संविधान प्रदत्त अधिकार एवं कर्तव्य ग्राम पंचायतों को सौंपने से संबंधित बीते पांच वर्षों में | पंचायती राज-3 |

कौन-कौन से प्रमुख प्रयास किए हैं ? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में शत प्रतिशत ग्राम पंचायत सचिवालयों को इण्टरनेट कनेक्टिविटी से आच्छादित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री मौ0 फहीम इरफान
18-01-2025

104-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में तैनात समस्त शिक्षामित्रों की शैक्षिक योग्यता सरकार के पास संकलित है ? यदि हां, तो क्या सरकार इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, बीटीसी एवं टेट पास शिक्षामित्रों की अलग-अलग संख्या सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बेसिक शिक्षा-5

------

श्री मौ0 फहीम इरफान
18-01-2025

105-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पुलिस कर्मियों को वार्षिक रूप से दी जाने वाली वर्दी की धनराशि वर्तमान में कितनी है ? क्या सरकार उक्त धनराशि में वार्षिक वृद्धि करने तथा उक्त कर्मियों को त्योहारों पर छुट्टी न मिलने के मद्देनजर वार्षिक त्यौहार भत्ता देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

गृह(पुलिस)-1

------

श्री मनोज कुमार पारस
18-01-2025

106-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पूर्व की भांति एस0सी0 एवं ओ0बी0सी0 के छात्र-छात्राओं हेतु प्राथमिक विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में स्कॉलरशिप देने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बेसिक शिक्षा-5

------

श्री मनोज कुमार पारस
18-01-2025

107-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्यापकों एवं चपरासी के स्वीकृत पद के सापेक्ष वर्तमान में कितने-कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर वर्ष 2024-25 में शत प्रतिशत नियुक्ति कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

माध्यमिक शिक्षा-2

------

श्री मनोज कुमार पारस
18-01-2025

108-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना, कस्बा नगीना में माध्यमिक विद्यालय का निर्माण सरकार कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

माध्यमिक शिक्षा-1

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>18-01-2025 | 109-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ब्लाक नूरपूर के ग्राम रतनगढ़ में अल्पसंख्यक राजकीय बालिका इण्टर कालेज का निर्माण कराये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>18-01-2025 | 110-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ग्राम इब्रहिमपुर उर्फ कम्मापुरी पोस्ट मसीत का मेन रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण राहगीरों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण कराये जाने की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>18-01-2025 | 111-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ब्लाक जलीलपुर, नूरपूर व हल्दौर के कितने ग्रामों में जिला पंचायत द्वारा सड़क मार्गों का निर्माण कराया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>18-01-2025 | 112-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रवाहित गोमती नदी के संरक्षण तथा नदी को प्रदूषण मुक्त करने हेतु सरकार ने कोई समय सीमा तय की है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त कार्यों हेतु गठित की गयी पारिस्थितिक कार्य बल (ई0टी0एफ0) कब से प्रभावी रूप से कार्य करना प्रारम्भ करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>18-01-2025 | 113-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज में संचालित विधि महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं से सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक फीस ली जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार निर्धारित शुल्क से अधिक फीस लेने वाले विधि महाविद्यालय | उच्च शिक्षा-6 |

| | | |
|---|---|---|
| | संचालकों के विरुद्ध नियम बना कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>18-01-2025 | 114-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया में वर्ष 2022 से अब तक किन-किन गांवों में नए सरकारी नलकूप स्थापित किये गये हैं ? क्या सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष बचे नलकूपों को शीघ्र स्थापित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>19-01-2025 | 115-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थापित प्रत्येक गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु जल निगम द्वारा बनाये गए पानी की टंकियों पर आपरेटर की नियुक्ति करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>19-01-2025 | 116-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 01 एवं कक्षा 06 में वर्तमान सत्र में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं की संख्या 10 से कम है तथा संख्या में छात्र/छात्राओं के प्रवेश लेने की मुख्य वजह क्या है ? क्या सरकार सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में विफल है ? यदि हाँ, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |
| | ------ | |
| श्री गौरव कुमार<br>19-01-2025 | 117-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी की विधान सभा क्षेत्र जैदपुर के विकास खंड हरख के अन्तर्गत ग्राम पार का पुरवा के समीप रेट नदी पर पुल न होने के कारण आम जनमानस को काफी कठिनाइयां हो रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण<br>[03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-07 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>19-01-2025 | 118-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर में गंगा नदी में टेनरियों का गंदा पानी गिरने से गंगा का जल प्रदूषित हो रहा है जिससे जन | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

जीवन पर गम्भीर खतरा उत्पन्न हो गया है ? क्या सरकार गंगा नदी में गिरने वाले टेनरियों के गंदे पानी पर रोक लगाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>19-01-2025 | 119-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु सरकार द्वारा कोई योजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार प्रदेश में अधिवक्ताओं के हितार्थ अधिवक्ता कल्याण परिपक्वता निधि बढ़ाने, आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना में अपंगता अनुदान राशि देने, बीमा कराने एवं सान्ध्य कालीन न्यायालयों की स्थापना योजना समाप्त करने, पुस्तकालय हेतु आर्थिक सहायता आदि प्रदान करने की कोई योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | न्याय-7 (कल्याण निधि) |
| | ------ | |
| श्री तुफानी सरोज<br>19-01-2025 | 120-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में संचालित प्राइमरी स्कूलों के निकट छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत स्पीड ब्रेकर सरकार स्थापित करवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |
| | ------ | |
| श्री तुफानी सरोज<br>19-01-2025 | 121-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र केराकत के विभिन्न विकास खण्डों के लघु व सीमांत कृषकों को सिंचाई हेतु सरकार ने फ्री बोरिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है ? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि वर्ष 2017 से 24-09-2024 तक कितने कृषकों को उक्त सुविधा दी गई है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-4 |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>19-01-2025 | 122-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया<br>20-01-2025 | 123-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूं के विकास खण्ड दातागंज के ग्राम बेलाडाड़ी, देवरनिया आदि गांवों की रिक्त पड़ी तकरीबन 200 एकड़ की भूमि को सुरक्षित करते हुये कोई जनहित की योजना में | राजस्व-2 |

| | | |
|---|---|---|
| | शामिल करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 20-01-2025 | 124-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश भर में गलियों एवं बेसमेन्ट में चल रहे कोचिंग सेन्टरों को मानक के अनुसार संचालित किये जाने हेतु नवीन नियमावली बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-3 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 20-01-2025 | 125-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पत्रकारों को गुजारा भत्ता तथा कैशलेस उपचार देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूचना-1 |
| | ------ | |
| श्री मोहन वर्मा 20-01-2025 | 126-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र हाटा के सिंचाई कालोनी हाटा परिसर में स्थित निरीक्षण भवन के निर्माण में की गयी घोर अनियमितता व बरती गयी लापरवाही से सम्बन्धित मुख्य मंत्री को संबोधित पत्र संख्या क-7 नं0 201225, दिनांक 2 जनवरी, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-6 |
| | ------ | |
| डॉ0 पल्लवी पटेल 20-01-2025 | 127-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के शिक्षकों से क्या-क्या राजकीय कार्य लिए जाते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत 20-01-2025 | 128-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के तहसील गरौठा के ग्राम अस्ता में स्थित भूमि सं0-1511 रकवा 0.1010 हे0 एवं भूमि नं0-1512 से कब्जा हटाये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 सं0 299394, दिनांक 20 जनवरी, 2025 संलग्नकों सहित आपको प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |

डॉ0 पल्लवी पटेल
20-01-2025

129-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2020 से दिनांक 11-07-2024 तक कितने बेसिक शिक्षकों का चयन किया गया तथा वर्तमान में कितने शिक्षक शिक्षण प्रक्रिया में तैनात हैं ? क्या सरकार जनपदवार शिक्षकों की सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बेसिक शिक्षा-5

------

डॉ0 पल्लवी पटेल
20-01-2025

130-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0ई0 व अन्य बोर्ड द्वारा संचालित निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन न करते हुए कमजोर वर्ग के पात्र छात्रों को मनमाने ढंग से प्रवेश न दिए जाने का प्रकरण सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि उक्त प्रकरणों में कितने स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि वर्ष 2018 से 2024 तक लखनऊ के गोमतीनगर विनीत खण्ड में स्थित जयपुरिया स्कूल में कितने कमजोर वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बेसिक शिक्षा-3

------

डॉ0 पल्लवी पटेल
20-01-2025

131-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के तहसील सिराथू में भूमिहीन परिवारों को मार्च, 2020 से दिनांक 27-09-2024 तक कितने ग्राम सभा में कितने पात्र व्यक्तियों को भूमि पट्टा तथा आवासीय पट्टा दिए गए हैं ? क्या सरकार शेष बचे परिवारों को भूमि पट्टा व आवासीय पट्टा उपलब्ध कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

राजस्व-2

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
20-01-2025

132-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी मण्डल में वर्ष 2007 में माध्यमिक शिक्षा विभाग में 08 अध्यापकों की फर्जी नियुक्ति कर राजकोष से उन्हें वेतन भुगतान किये जाने की जाँच हेतु शासन स्तर से उच्च स्तरीय जाँच समिति गठित की गयी थी ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जांच रिपोर्ट सदन के पटल रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

माध्यमिक शिक्षा-5

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>20-01-2025 | 133-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी मण्डल में वर्ष 2007 में माध्यमिक शिक्षा विभाग में 08 अध्यापकों की फर्जी नियुक्ति में विभागीय अधिकारियों द्वारा दोषियों को बचाने हेतु उनके पक्ष में आख्याएं शासन को गलत तथ्यों के आधार पर प्रेषित की गयी हैं जबकि यह पुष्ट है कि 08 फर्जी अध्यापकों की नियुक्तियों में अधिकारी/कर्मचारी दोषी थे ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>20-01-2025 | 134-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला-झांसी के गरौठा कस्बा में स्थित गाटा सं0-611क/0190 हे0 से कब्जा मुक्त कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 सं0 353443, दिनांक 20 जनवरी, 2025 आपको प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती पूजा<br>20-01-2025 | 135-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों, सफाई कर्मचारियों आदि के स्वीकृत पदों के सापेक्ष वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं तथा उक्त विभागों में नियमानुसार अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों तथा पिछड़ी जातियों का आरक्षण आच्छादित है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर बैकलाग नियुक्ति किये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री लकी यादव<br>20-01-2025 | 136-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जलस्तर नीचे चले जाने और डीजल व बिजली की महंगाई के कारण किसानों की फसलों में पैदावार की कमी आ रही है ? क्या सरकार प्रत्येक गांव में सरकारी नलकूप का निर्माण करने पर विचार करेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि प्रदेश में कितने सरकारी नलकूप स्थापित हैं तथा उक्त में कितने चालू हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री लकी यादव<br>20-01-2025 | 137-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शौचालय उपलब्ध कराए जा रहे हैं जो कि महंगाई के दृष्टिगत धनराशि कम होने के कारण लोगों को निर्माण करने में समस्या उत्पन्न हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त धनराशि को बढ़ाकर 30000 रुपये करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>20-01-2025 | 138-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछाने में सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जाने की कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>20-01-2025 | 139-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की छोटी ग्राम पंचायतों में प्रधान, शौचालय केयर टेकर एवं पंचायत सहायक का मानदेय भुगतान करने के उपरांत विकास कार्यों के लिए धनराशि न बचने की समस्या सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम पंचायतों को विकास कार्य हेतु वार्षिक न्यूनतम धनराशि आवंटित करना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>20-01-2025 | 140-[राज्य सरकार से असम्बद्ध विषय होने के कारण निरस्त।] | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>20-01-2025 | 141-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 50 से कम छात्र संख्या वाले कितने परिषदीय विद्यालय हैं ? क्या सरकार 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालय बंद करने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>20-01-2025 | 142-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को स्थायी शिक्षक का दर्जा देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उनका मानदेय महंगाई के दृष्टिगत बढ़ाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>20-01-2025 | 143-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि श्रीमती उर्मिला राय, सहायक अध्यापिका, कम्पोजिट विद्यालय, कुतलुपुर, विकास खण्ड-सूरतगंज, जनपद- बाराबंकी द्वारा शपथ-पत्र के माध्यम से दिनांक 29-07-2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाराबंकी को सम्बोधित था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>20-01-2025 | 144-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों का मानदेय बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>20-01-2025 | 145-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक गांवों में कार्यरत ग्रामीण चौकीदारों का मानदेय बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>20-01-2025 | 146-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक गांवों में कार्यरत रोजगार सेवकों के मानदेय बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>20-01-2025 | 147-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक गांवों में कार्यरत पंचायत सहायकों के मानदेय बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>21-01-2025 | 148-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के तहसील सदर के ग्राम मरवटिया बाबू में श्री महादेव यादव के घर से श्री रामदीन सिंह के घर तक के मार्ग पर सरकार आर0सी0सी0/इण्टरलॉकिंग का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहन वर्मा<br>21-01-2025 | 149-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कुशीनगर के विकास खण्ड सुकरौली में नया मॉडल थाना स्थापित किए जाने हेतु समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गयी हैं ? यदि हां, तो नये मॉडल थाना की स्थापना कब तक करा दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहन वर्मा<br>21-01-2025 | 150-क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में राज्यानुदानित समस्त मदरसा शिक्षकों के शैक्षिक दस्तावेज/मूल रिकार्ड का सत्यापन कराये जाने पर सरकार विचार करेगी ? क्या सरकार मदरसों में भ्रष्टाचार को कम करने तथा मदरसा प्रबन्धकों के नियुक्ति में मनमानी पर लगाम लगाने के लिए आयोग द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहन वर्मा<br>21-01-2025 | 151-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कुशीनगर के कितने प्राथमिक विद्यालयों में मूल रूप से शिक्षक की तैनाती नहीं है तथा दूसरे स्कूल में तैनात शिक्षकों को ऐसे विद्यालयों का अतिरिक्त प्रभार सौंपकर विद्यालय का संचालन कराया जा रहा है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>21-01-2025 | 152-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र शाहाबाद विकास खण्ड पिहानी के ग्राम सभा फत्तेपुर में जनहित को लेकर सरकारी नलकूप निर्माण (स्वीकृति) कराने हेतु मुख्य मंत्री को प्रेषित प्रश्नकर्ता के पत्र क्रमशः पत्रांक संख्या-ख-7 न0-249246 दिनांक 20-06-2024 द्वारा प्रमुख सचिव सिंचाई दिनांक | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |

24-06-2024 तथा जल शक्ति मंत्री पत्र सं0-902/एम/वीआईपी/024, दिनांक 24-06-24 द्वारा मुख्य अभियन्ता नलकूप (यांत्रिक) सिंचाई लखनऊ व पत्र सं0 वीआईपी 32/24-मु0अ0-33/24, दिनांक 19-07-24 प्रमुख अभियन्ता (यांत्रिक सिंचाई विभाग) लखनऊ को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्रों पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>21-01-2025 | 153-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में आर्चिड ग्रीन, ड्रीम वैली, एफएम सिटी जैसी कई बड़ी-बड़ी कॉलोनियों का निर्माण कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या उक्त कॉलोनियों को धारा-143 के अन्तर्गत आबादी घोषित कराई गई है ? यदि हां, तो उक्त कॉलोनियों में कितने-कितने क्षेत्रफल एवं कब-कब आबादी घोषित कराई गई ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>21-01-2025 | 154-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को ड्रेस पर प्रति छात्र कितनी धनराशि खर्च की जाती है ? क्या सरकार बढ़ती मंहगाई के दृष्टिगत छात्र/छात्राओं के ड्रेस के लिये खर्च की जाने वाली धनराशि को बढ़ायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>21-01-2025 | 155-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में 10 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गणित एवं विज्ञान विषय के स्वीकृत पदों पर जब तक स्थायी नियुक्ति नहीं होती तब तक शिक्षक अभिभावक संघ निधि से मानदेय पर शिक्षकों से कार्य कराया जायेगा ? यदि हाँ, तो कितने शिक्षकों को मानदेय पर रखा गया ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>21-01-2025 | 156-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में राजकीय हाई स्कूलों/इण्टर कॉलेजों में अध्यापकों के स्वीकृत खाली पदों के सापेक्ष अध्यापकों की | माध्यमिक शिक्षा-2 |

तैनाती करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>21-01-2025 | 157-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में ग्राम गोकुल व लोहागढ़ में राजकीय हाई स्कूल/इण्टर कॉलेज का निर्माण कराया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |
| | ------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>21-01-2025 | 158-क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अल्पसंख्यक विभाग से शादी अनुदान योजना पूर्व में संचालित योजना को पुनः संचालित कराए जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-4 |
| | ------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>21-01-2025 | 159-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को कितना मानदेय दिया जा रहा है ? क्या सरकार उनका मानदेय महंगाई के दृष्टिगत वृद्धि करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |
| | ------ | |
| श्री पंकज मलिक<br>21-01-2025 | 160-विधान सभा के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न सख्या-61 के उत्तर के क्रम में क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नगत नाला व मार्ग पंचायत की कार्य योजना में सम्मिलित कर निर्माण करा दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त हेतु दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |
| | ------ | |
| श्री पंकज मलिक<br>21-01-2025 | 161-विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-55 के उत्तर के क्रम में क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नाला/इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य क्षेत्र पंचायत की कार्य योजना में सम्मिलित कर पूर्ण करा दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त हेतु दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>21-01-2025 | 162-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अयोध्या के तहसील रूदौली अन्तर्गत ग्राम सभा परसऊ व खण्डपिपरा में नदी के कटान से छूटी तथा टुकड़ों में बंटी किसानों की भूमि को कृषि योग्य बनाने हेतु चकबन्दी प्रकिया लागू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-8 |
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>22-01-2025 | 163-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के सदर बस्ती के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय भूपालपुर से कोटेदार के घर से पूरब कुसरौत एल0डी0 मार्ग का नव निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>22-01-2025 | 164-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के झलहा में दीन दयाल गुप्ता के घर से श्रीपत के घर तक की सड़क का नव निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास<br>[03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-08 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>22-01-2025 | 165-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के गड़ौना ट्यूबवेल से इण्टर कालेज होते हुये चेनुअ मेहरई पिच रोड तक के मार्ग का नव निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>22-01-2025 | 166-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र में रवता पिच रोड से हरिश्चन्द्र के घर तक के मार्ग का नव निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>22-01-2025 | 167-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र में बसहवा चौराहे से प्रा0 स्वा0 केन्द्र मंझरिया होते हुए सुखराम हरिजन के खेत तक के मार्ग का नव निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन<br>[02-गुरुवार के अतारांकित प्र0सं0-13 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>22-01-2025 | 168-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायक कम डाटा ऑपरेटर को मिलने वाले मानदेय महंगाई के दृष्टिगत कम होने के कारण आर्थिक संकट से परेशान हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उनका मानदेय मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तराखण्ड की भांति 18000 प्रति माह करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>22-01-2025 | 169-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी में किन-किन ग्रामों में पानी की टंकी से वर्तमान में जलापूर्ति की जा रही है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>22-01-2025 | 170-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन में सिंचाई हेतु ग्राम जीतामऊ वि0ख0 महेवा तथा गुलौली दिवारा, वि0ख0 कदौरा में यमुना नदी पर पम्प कैनाल लगाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>22-01-2025 | 171-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में मुख्य बेतवा नहर पर धान की सिंचाई हेतु रोस्टर न बनाये जाने के कारण किसानों को धान की खेती के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार मुख्य बेतवा नहर पर धान की रोपाई एवं सिंचाई हेतु रोस्टर बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>22-01-2025 | 172-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी में नमामि गंगे की योजनाओं में सी0सी0 रोड क्षतिग्रस्त होने से गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्गों का पुनः सी0सी0 रोड बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>22-01-2025 | 173-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ में गोमती नदी में कितने नाले गिर रहे हैं ? क्या सरकार ने गोमती नदी को दूषित होने से बचाने के लिए कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>22-01-2025 | 174-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों द्वारा आत्महत्याओं को रोकने के लिये सरकार ने कोई उपाय किये हैं ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि<br>[02-गुरुवार के अतारांकित प्र0सं0-11 के अन्तर्गत स्थानान्तरित ।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>22-01-2025 | 175-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय महंगाई के दृष्टिगत बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>22-01-2025 | 176-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के तहसील बैरिया, विकास खण्ड बैरिया अन्तर्गत ग्राम सभा नवकागांव में दलित बस्ती में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बस्ती में जाने के लिए रास्ते का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>22-01-2025 | 177-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया में एन0एच0-31 दया छपरा से भुवाल छपरा नौरंगा जाने वाला पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग जर्जर स्थिति में है ? जिससे आम जनमानस को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-7 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>22-01-2025 | 178-क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के इब्राहिमाबाद में स्थित राजकीय आई0टी0आई0 कालेज में पद के सापेक्ष कितने शिक्षकों की तैनाती हैं ? क्या सरकार उक्त राजकीय विद्यालय में ट्रेड की पढ़ाई प्रारम्भ कराकर शिक्षकों की तैनाती कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा<br>[02-गुरुवार के अतारांकित प्र0सं0-12 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>23-01-2025 | 179-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ब्लाक जलीलपुर के ग्राम टुगरी में ग्राम के उत्तर में जितेन्द्र उर्फ जीत के मकान के पीछे पानी की निकासी हेतु कच्चा नाला होने के कारण लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार नाले को पक्का करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री तुफानी सरोज<br>24-01-2025 | 180-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर में गंगा नदी में टेनरियों का गंदा पानी गिरने से गंगा नदी का जल प्रदूषित होने के कारण जन जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है ? क्या सरकार गंगा नदी में गिरने वाले टेनरियों के गंदे पानी पर रोक लगाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री तुफानी सरोज<br>23-01-2025 | 181-क्या मुख्य मंत्री बताने का कृपा करेंगे कि प्रदेश आयुक्त चकबंदी कार्यालय का पत्रांक 3440 जी0 10/2023-24, दिनांक 11-08-23 द्वारा जनपद जौनपुर के जलालपुर विकास खण्ड के 14 ग्राम सभाओं महरेंव-पुरेव, बराई, केरांव, मुजरा, मेघपुर, लालुपुर (शंकरपुर), महिमापुर (शंकरपुर) असबरनपुर, चवरी, मथुरापुर कोटवा, गोपीपुर चौरी में चकबंदी कराने हेतु बंदोबस्ती अधिकारी चकबंदी जौनपुर से आख्या मांगी गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि उक्त चकबंदी की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-8 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>23-01-2025 | 182-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा में हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत मात्र 60 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है तथा जगह-जगह पर पाइपलाइन फटी तथा पानी लीकेज होने के कारण जनपदवासियों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्य का सर्वे कराकर कार्य को पूर्ण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>23-01-2025 | 183-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के अन्तर्गत बरसात के पानी को एकत्रित करने एवं किसानों को खेती की सिंचाई हेतु सरकार ने कोई योजना बनाई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>23-01-2025 | 184-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे की प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तर पर बालिकाओं के लिए राजकीय इण्टर कॉलेज खोलने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>23-01-2025 | 185-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों में विद्युतीकरण की योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि उक्त योजना अन्तर्गत कितने प्राइमरी स्कूलों का विद्युतीकरण का कार्य किया गया है तथा वर्तमान तक कितने प्राइमरी स्कूलों का विद्युतीकरण करना शेष है ? क्या सरकार उक्त स्कूलों को चिन्हित कर विद्युतीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |
| | ------ | |
| श्री सुभाष त्रिपाठी<br>23-01-2025 | 186-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के किन-किन राजस्व ग्रामों के भूलेख मानचित्र उपलब्ध नहीं हैं ? क्या सरकार उक्त ग्रामों को चिन्हित कर मानचित्र उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-4 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुभाष त्रिपाठी<br>23-01-2025 | 187-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के नगर पंचायत पयागपुर में अमृत योजना अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कारण सड़कें जर्जर हो गई है जिससे आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार जर्जर सड़कों को ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास<br>[03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-10 के अन्तर्गत स्थानान्तरित ।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>23-01-2025 | 188-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झाँसी के समथर नगर में राजकीय महाविद्यालय, समथर के पास पर्याप्त मात्रा में भवन व भूमि उपलब्ध होने एवं कृषि विषय हेतु सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद अभी तक कृषि विषय की मान्यता नहीं मिली है ? यदि हां, तो क्या सरकार राजकीय महाविद्यालय, समथर में कृषि विषय की मान्यता दिलायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>23-01-2025 | 189-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में यातायात पुलिस द्वारा ऑनलाइन चालान करने की क्या प्रक्रिया है एवं 01 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक यातायात पुलिस द्वारा ऑफलाइन/ऑनलाइन चालान से कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है ? क्या सरकार यातायात पुलिस द्वारा मनमाने ढंग से किये जा रहे चालान पर रोक लगाने हेतु निर्देश जारी करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>23-01-2025 | 190-क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय में कौन-कौन से धर्म/जातियां सम्मिलित हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अतिरिक्त कितने अन्य सदस्य हैं तथा वर्तमान में किस-किस अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य मनोनीत किया गया है ? क्या सरकार की राज्य अल्पसंख्यक आयोग में सभी अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>23-01-2025 | 191-क्या मुख्य मंत्री बतानें की कृपा करेंगे कि प्रदेश में निर्भया फण्ड के मद में केन्द्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 में प्रदान | गृह(पुलिस)-7 |

की गयी है तथा उक्त धनराशि का उपयोग किन-किन जनपदों में किन-किन मदों में किया गया है तथा कितनी धनराशि निर्भया फण्ड में अवशेष है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि अवशेष धनराशि का उपयोग नहीं करने का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

डॉ0 पल्लवी पटेल
23-01-2025

192-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतानें की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के प्राइमरी विद्यालयों में विद्युतीकरण हेतु वर्ष 2020 से दिनांक 01-09-24 तक जारी धनराशि के सापेक्ष कितनें विद्यालयों का विद्युतीकरण कर दिया गया है व कितने प्राइमरी स्कूलों का विद्युतीकरण नहीं हुआ ? क्या सरकार शेष स्कूलों का विद्युतीकरण करायेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार यह भी बतायेगी कि धनराशि जारी होने के बावजूद विद्यालयों का विद्युतीकरण न होने के जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध जांच करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बेसिक शिक्षा-5

------

श्री स्वामी ओउ्मवेश
24-01-2025

193-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ब्लाक जलीलपुर के ग्राम टुगरी में ग्राम के उत्तर में जितेन्द्र उर्फ जीत के मकान के पीछे पानी की निकासी हेतु कच्चा नाला बना हुआ है ? क्या सरकार उक्त नाले को पक्का कराये जाने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पंचायती राज-2

------

श्री पंकज मलिक
24-01-2025

194-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आई0जी0आर0एस0 संख्या 15157250011105 जो कि जनपद लखनऊ के माधवग्रीन सिटी न्यू एमिटी यूनिवर्सिटी में पुलिस चौकी न होने के कारण आये दिन क्षेत्र में चोरों के आतंक के कारण आम-जन मानस को परेशानियों का सामना करने के सम्बन्ध में उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

गृह(पुलिस)-6

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>24-01-2025 | 195-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए/कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी/कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड सी द्वारा मुख्य आरक्षी/सहायक उप निरीक्षक/उप निरीक्षक क्रमशः की वर्दी किस शासनादेश/नियमावली के अन्तर्गत धारण कर सकता है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त को वर्दी धारित करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>24-01-2025 | 196-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड सूरतगंज में कम्पोजिट विद्यालय, कुतुबपुर में तैनात कतिपय सहायक अध्यापिका द्वारा दिनांक 29-07-2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाराबंकी तथा दिनांक 05-08-2024 को सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज को भेजे गये पत्र जो कि उक्त विद्यालय में कराये जा रहे निर्माण कार्य की अनियमितता के सम्बन्ध में है, पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>08-01-2025 | 197-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थापित राजकीय नलकूपों को सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालित करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>10-01-2025 | 198-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली में जिला मुख्यालय के अधूरे निर्माण कार्य को सरकार समय-सीमा निर्धारित कर पूर्ण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण [03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-11 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>09-01-2025 | 199-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद उन्नाव की बीघापुर तहसील की ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर में वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में मनरेगा के अन्तर्गत काम में लगे श्रमिकों में ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के परिवारों के कितने श्रमिक | ग्राम्य विकास-6 |

थे ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि उक्त श्रमिकों को बिना काम के फर्जी तरीके से किये गये भुगतान की जांच करवाकर विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री तुफानी सरोज
08-01-2025

200-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कुल कितने आई0पी0एस0 अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार की जांच प्रचलित है तथा उक्त जांच किस एजेन्सी के द्वारा की जा रही है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

गृह (पुलिस सेवायें)-2

------

# नत्थी (ख)

## याचिकाओं का उपस्थापन

1-श्री राजपाल सिंह बालियान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मुजफ्फरनगर के विधान सभा क्षेत्र बुढ़ाना के वि0ख0 शाहपुर के कस्बा सिसौली से मौहम्मदपुर मार्डन लिंक मार्ग पर चन्द्रपाल के खेत से महावीर सिंह के खेत तक शून्य से लेपन कार्य (ल0-लगभग 01 किमी0) मार्ग का लेपन कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र बालियान व अन्य निवासीगण जनपद मुजफ्फरनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

2-श्री बेचई सरोज, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ की विधान सभा क्षेत्र लालगंज के अन्तर्गत ग्राम सिसरेड़ी यादव बस्ती से अनुसूचित जाति बस्ती होते हुए सिसरेड़ी पिच रोड तक की सड़क बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री अरविन्द यादव व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

3-श्री मोहित सोनकर ''राहुल बच्चा'', मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र-209, बिल्हौर, ग्राम सभा उत्तमपुर में सर्वेश कुशवाहा के घर से राजकीय विद्यालय मुख्य मार्ग तक मार्ग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अरुण कुमार व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

4-श्री दूधराम, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बस्ती के महादेवा विधान सभा क्षेत्र-311 के अन्तर्गत विकास खण्ड बस्ती सदर/बनकटी अन्तर्गत गुलरा अमरडोभा सम्पर्क मार्ग से बायपोखर प्राथमिक विद्यालय तक सम्पर्क मार्ग तक 01 किमी0 का नव निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राहुल कुमार व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित करेंगे।

5-श्री अमरेश कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के ग्राम-मटेरा, पोस्ट-बहरौली गंगागंज सुल्तानपुर रोड, लखनऊ की रोड व नाली के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम मिलन व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

6-श्री रमेश सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद जौनपुर की विधान सभा क्षेत्र शाहगंज के अन्तर्गत ग्राम अरसियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कराये जाने के सम्बन्ध में श्री डबलू वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

7-श्री राम कृष्ण भार्गव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड खुनियांव में कठेला चेतिया पी0डब्लू0डी0 मार्ग से वोधेडीह तक 500 मी0 सी0सी0 मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रतीक राय शर्मा, निवासी जनपद सिद्धार्थनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

8-श्रीमती केतकी सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बाँसडीह के विकास खण्ड मनियर में कृषि कल्याण केन्द्र बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री शितांशु व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित करेंगी।

9-श्री तुफानी सरोज, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मऊ के विकास खण्ड रतनापुरा की ग्राम पंचायत ठेंचा में टौंस नदी पर पक्का पुल बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री निसार अहमद व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

10-श्रीमती आशा मौर्य, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के ग्राम गंगेलापुरवा, थाना सदरपुर में मां भगौती शिव मन्दिर देव स्थान पर सड़क निर्माण व सोलर स्ट्रीट लगाये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव, निवासी जनपद सीतापुर की याचिका उपस्थित करेंगी।

11-श्री रमापति शास्त्री, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोण्डा की तहसील तरबगंज के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् नवाबगंज का विस्तारीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रवि श्रीवास्तव व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका उपस्थित करेंगे।

12-श्री विपुल दुबे, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद भदोही के विधान सभा क्षेत्र ज्ञानपुर में भरतपुर रामलीला मैदान से कंचनपुर प्राथमिक विद्यालय होते हुए संतोष चन्द्र बिन्द के घर तक के मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सोनू सिंह व अन्य निवासीगण जनपद भदोही की याचिका उपस्थित करेंगे।

13-डॉ0 सुरभी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फर्रुखाबाद के विधान सभा क्षेत्र कायमगंज के अन्तर्गत ग्राम बहबलपुर से लेकर गुटैटी दक्षिण तक गंगा नदी पर तटबन्ध बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री सर्वेश कश्यप व अन्य निवासीगण जनपद फर्रुखाबाद की याचिका उपस्थित करेंगी।

14-श्री राम निवास वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र नानपारा नगर पालिका के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री चमन चौरसिया व अन्य निवासीगण जनपद बहराइच की याचिका उपस्थित करेंगे।

15-श्री ठा0 रवेन्द्र पाल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अलीगढ़ के विकास खण्ड गंगीरी के गाँव धनसिंहपुर व विकास खण्ड अकराबाद के नगर पंचायत कौडियागंज में काली नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील आर्य व अन्य निवासीगण जनपद अलीगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

16-श्री पीयूष रंजन निषाद, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड करछना में सुचारु रूप से विद्युत सप्लाई कराये जाने हेतु दो विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज निषाद व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

17-श्रीमती मीनाक्षी सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बुलन्दशहर की तहसील खुर्जा के खुर्जा नगर में मेवों वाली शमशान से लेकर किला रोड तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित करेंगी।

18-श्री राजेश्वर सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर में मेजर पुष्पेन्द्र नगर संस्कार रेजीडेंसी में श्री राजेश सिंह चौहान के घर से श्री शैलेश सिंह के घर तक क्षतिग्रस्त मार्ग का मरम्मत कार्य (इण्टरलॉकिंग) कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज कुमार सिंह व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

19-श्रीमती मिथलेश पाल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मुजफ्फरनगर के विधान सभा क्षेत्र मीरापुर, विकास खण्ड जानसठ के ग्राम लालपुर रहडवा के तिलकराम के घर से बृज

के घर तक लम्बाई लगभग 250 मी0 क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री तिलक राम व अन्य निवासीगण जनपद मुजफ्फरनगर की याचिका उपस्थित करेंगी।

20–श्री महेन्द्रपाल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोरखपुर विकास खण्ड पिपराईच अन्तर्गत सोनबरसा में एन0एच0–28 इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प से कैथवरिया हरिजन बस्ती तक सम्पर्क मार्ग पर पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जनार्दन जायसवाल व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

21–श्री अशरफ अली खान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र थानाभवन के विकास खण्ड थानाभवन के ग्राम मुडेट खादर में जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बब्लू प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद शामली की याचिका उपस्थित करेंगे।

22–श्री राजेश त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोरखपुर विकास खण्ड बड़हलगंज के अन्तर्गत ग्राम खड़ेसरी राम जानकी मार्ग से राम नगर डुमरी बल्थर होते हुए गोनहा होकर बगहा प्रधानमंत्री सड़क तक सरयू नदी के किनारे तटबंध का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम नगीना तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

23–श्री धर्मराज सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड बंकी के ग्राम औरंगाबाद में संदीप यादव के घर से मोबिन के खेत से होते हुए तालाब तक नाला का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गुलसन यादव व अन्य निवासीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित करेंगे।

24–डॉ0 विमलेश पासवान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोरखपुर की नगर पंचायत बांसगाँव में एस0टी0पी0 और कचरा डम्पिंग स्थान और डिकम्पोजिशन का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज सिंह व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

25–श्री जगदीश नारायण राय, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ में हरैया के अन्तर्गत संस्था रामदुलारी देवी जूनियर हाई स्कूल सिवाने शिक्षा क्षेत्र हरैया को अनुदान सूची में सम्मिलित करते हुए वित्तीय अनुमन्यता जारी किये जाने के सम्बन्ध में श्री राधेश्याम सिंह व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

26-श्री अनिल कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सन्तकबीरनगर में मेंहदावल विधान सभा के अन्तर्गत नहर किनारे स्थित बभनी सौरहा मार्ग पर साइफन के स्थान पर पुलिया का निर्माण एवं नहर की सफाई करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री राम अनुज मिश्रा व अन्य निवासीगण जनपद सन्तकबीरनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

27-श्री राजेन्द्र कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र-355, मुहम्मदाबाद गोहना के ब्लाक रानीपुर की ग्राम पंचायत अरैला मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम अवतार व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

28-श्री हाकिमलाल बिन्द, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद उन्नाव विधान सभा क्षेत्र पुरवा के ब्लाक असोहा के अन्तर्गत ग्राम दऊ में आरती चौधरी के खेत से चेतन गुप्ता फार्म होते हुए राधा नगरी तक लगभग 1.5 किमी0 के क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अशोक कुमार व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित करेंगे।

29-श्री आशुतोष मौर्या, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद रायबरेली की तहसील ऊंचाहार की ग्राम पंचायत चिचौली में गाटा संख्या 892 जो कि सरकारी भूमि है उक्त भूमि की जांच कराकर अवैध कब्जा ध्वस्त कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हरिकेश पटेल व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित करेंगे।

30-श्री रामपाल वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र बालामऊ के अन्तर्गत बेनीगंज के नई बस्ती में पशु चिकित्सालय जर्जर भवन का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री उमेश चन्द्र व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित करेंगे।

31-श्री रमेश जायसवाल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद चन्दौली के विकास खण्ड नियामताबाद के ग्राम सभा कबीरपुर के गंगाधरपुरम कालोनी में मंगल सिंह पदम सिंह राणा के मकान से रोड तक सीवर व रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध श्री संजय कन्नौजिया व अन्य निवासीगण जनपद चन्दौली की याचिका उपस्थित करेंगे।

32-श्री दिनेश रावत, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत गौताना से कोड़िया तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विनोद कुमार व अन्य निवासीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित करेंगे।

33-श्री समर पाल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र नौगावां सादात के अन्तर्गत ग्राम सेखुपुरा इब्राहिमपुर से ग्राम सिहाली रोड तक कच्ची सड़कों को पक्का कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द्र वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे।

34-श्री सुधाकर सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र घोसी के अन्तर्गत कोरोना काल में मृत हुए अध्यापकों के परिजनों को नौकरी दिये जाने के सम्बन्ध में श्री चन्द्रशेखर निगम व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

35-श्री अखिलेश यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के अन्तर्गत सठियांव जहानागंज रोड से ग्राम नासिरूद्दीनपुर सम्पर्क मार्ग को सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अरविन्द यादव व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

36-श्रीमती मनीषा अनुरागी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हमीरपुर की तहसील मौदहा के ग्राम मुस्करा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाये जाने के सम्बन्ध में श्री करन राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद हमीरपुर की याचिका उपस्थित करेंगी।

37-श्री मोहम्मद ताहिर खान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड व तहसील बल्दीराय में व विधान सभा क्षेत्र इसौली में नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री अजय यादव व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

38-श्री मोहन वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र हाटा के ग्राम सभा अवरवां विकास खण्ड सुकरौली बुद्धदेव तिवारी जी के खेत से अवरवां पैकौली पिच मार्ग तक सड़क का निर्माण (लगभग 01 किमी0) कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बुद्धदेव तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद कुशीनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

39-श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मिर्जापुर की तहसील मीरजापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नेवढ़िया में पीपे का पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शैलेश दुबे व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित करेंगी।

40-श्री मनोज कुमार पारस, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बिजनौर के ब्लाक किरतपुर के ग्राम दूधली में राजकीय कन्या इण्टर कालेज का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 शाहिद जौनी व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित करेंगे।

41-श्री आशीष कुमार सिंह ''आशू'', मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र-159, बिलग्राम मल्लावां के अन्तर्गत ग्राम म्योरा में फर्म मेसर्स इंजीनियर द्वारा बी0पी0 मार्ग से म्योरा तक निर्मित सड़कों की उच्चस्तरीय सत्यापन व गुणवत्ता की जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अम्बेश तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित करेंगे।

42-श्री अनिल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद इटावा स्थित मौजा कस्बा इटावा (अ0न0पा0) को राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण हेतु अधिकृत भूमि के मुआवजे के सम्बन्ध में श्री कृष्ण गोपाल तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित करेंगे।

43-डॉ0 असीम कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड खुनियांव में ग्राम पंचायत मिश्रौलिया खालसा में वेलवा करौंदा खालसा पी0डब्लू0डी0 रोड से केवटहिया डीह तक 01 किमी0 सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मिथलेश शर्मा, निवासी जनपद सिद्धार्थनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

44-श्री राकेश गोस्वामी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद महोबा मे खरेला कस्बा से ग्राम अतरौली तक सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शिव शंकर तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका उपस्थित करेंगे।

45-श्री हरिप्रकाश वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद शाहजहाँपुर की तहसील जलालाबाद के कुम्हरुआ-जलालाबाद मार्ग से ग्राम अब्दुल्लानगर तक मार्ग का नव निर्माण व पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री श्याम सिंह पाल व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

46-श्री अनुराग सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मिर्जापुर विकास खण्ड सीखड़ में विन्ध्यवासिनी स्वरूप देवी धाम मवैया का सौन्दर्यीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय शंकर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

47-श्री संदीप सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र मेजा के अन्तर्गत ग्राम सभा ऊंटी नदी पुल से धरावंनारा पूर्व प्रधान सूर्यबली के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सूर्यबली, निवासी जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

48-श्रीमती गुड़िया कठेरिया, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद औरैया के अन्तर्गत बस स्टैण्ड औरैया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामजी बाजपेयी व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित करेंगी।

49-श्री हंसू राम, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलिया के बेल्थरा रोड पशुहारी मार्ग पर सिसयण्डकला नहर से शमसुद्दीनपुर होते हुए गरगजपुर नहर तक ब्लाक सीयर तहसील बेल्थरा रोड के लगभग 04 किमी0 जर्जर मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री लल्लन पटेल व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित करेंगे।

50-श्री मोहम्मद हसन रूमी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र छावनी के अन्तर्गत नयापुल से बाबूपुरवा तक यातायात पुलिस द्वारा लगाए गए सिमेन्टेड बैरियर को हटाए जाने के सम्बन्ध में श्री इकराम व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

51-श्री अभय सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अयोध्या की तहसील मिल्कीपुर के अन्तर्गत मौजा चिखड़ी की भूमि गाटा संख्या 284 क एवं 284 ख व कतिपय भू-भाग को ग्राम सभा अथवा राज्य सरकार के खाते में निहित किये जाने के सम्बन्ध में श्री अरूण कुमार व अन्य निवासीगण जनपद अयोध्या की याचिका उपस्थित करेंगे।

52-श्री जय कुमार सिंह जैकी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी के विकास खण्ड तेलियानी के महार्षि विद्या मंदिर स्कूल से चकेड़ी होते हुए कुंवरपुर रोड तक सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किये जाने के सम्बन्ध में श्री लाखन सिंह पटेल व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

53-श्री ठा0 धीरेन्द्र सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बुलन्दशहर के अन्तर्गत सिकन्दराबाद बाइपास से लेकर नवीन सब्जीमण्डी तक काली सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 सचिन प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित करेंगे।

54-श्री रत्नाकर मिश्रा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मिर्जापुर के विधान सभा क्षेत्र-396, मिर्जापुर के अन्तर्गत किसानों की कृषि योग्य भूमि पर खमरिया नगर पालिका का सीवर का पानी भरने से निजात दिलाये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रहलाद तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

55-श्री राजेश चौधरी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मथुरा की तहसील मांट में सादाबाद रजवाह की पटरी मार्ग से भागीरथ की कोठरी तक पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रमेश आचार्य व अन्य निवासीगण जनपद मथुरा की याचिका उपस्थित करेंगे।

56-श्री भगवान सिंह कुशवाहा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आगरा की तहसील खैरागढ़ के ब्लाक खैरागढ़ के कस्बा कागारौल में बाईपास (रिंग रोड) का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रताप कुशवाहा व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित करेंगे।

57-श्री विशम्भर सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बांदा के विधान सभा क्षेत्र बबेरू के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कमासिन को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री शिवाकान्त प्रजापति व अन्य निवासीगण जनपद बांदा की याचिका उपस्थित करेंगे।

58-श्री योगेश शुक्ला, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के ग्राम सिंकन्दपुर से इन्दिरा नहर डैम से होकर सर्विस रोड का निर्माण कराते हुये चिनहट रोड से जोड़े जाने के सम्बन्ध में श्री अजय तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

59-डॉ0 पल्लवी पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कौशाम्बी के विकास खण्ड सिराथू के निहालपुर नहर के पुल से करण सिंह पटेल के ट्यूबवेल तक सड़क का निर्माण (लगभग 01 किमी0) कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज पटेल व अन्य निवासीगण जनपद कौशाम्बी की याचिका उपस्थित करेंगी।

60-श्री रामचन्द्र यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अयोध्या की तहसील रुधौली के ग्राम पंचायत नैपुरा एवं आस-पास के गाँवों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अभिमन्यु यादव व अन्य निवासीगण जनपद अयोध्या की याचिका उपस्थित करेंगे।

61-श्री राम औतार सिंह सैनी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बिजनौर के विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम पंचायत सुजातपुर टिक्कर के मजरा अहिरपुरा से मंगोलपुर तक पक्की रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शेर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित करेंगे।

62-श्री प्रदीप शुक्ला, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड बांसगांव के ग्राम कूड़ा भरत में आमी नदी पर पीपा पुल के स्थल पर नये पक्के पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामबुझारत पासवान व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

63-श्री निर्मल वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सीतापुर के नगर पालिका परिषद बिसवां में रोडवेज बस स्टाप बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री पंकज गुप्ता व अन्य निवासीगण जनपद सीतापुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

64–डॉ0 श्याम बिहारी लाल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र फरीदपुर के अन्तर्गत ग्राम घारमपुर से करतौली मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नबाब सिंह यादव व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित करेंगे।

-------

# नत्थी (ग)

## वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**<u>प्रस्तावक का नाम</u>**

श्री माता प्रसाद पाण्डेय,

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना',

श्री शिवपाल सिंह यादव,

श्री कमाल अख्तर,

श्री दुर्गा प्रसाद यादव,

श्री प्रभु नारायण सिंह,

श्री मौहम्मद फहीम इरफान,

श्री नफीस अहमद,

डॉ0 संग्राम यादव,

श्री अतुल प्रधान,

श्री मनोज कुमार पारस,

श्री आर0के0 वर्मा,

श्री संदीप पटेल,

इंजी0 सचिन यादव,

डॉ0 रागिनी,

श्री महेन्द्र नाथ यादव,

श्री अखिलेश,

**<u>प्रस्ताव का रूप</u>**

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय।

कमी करने का उद्देश्य-विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।

| **प्रस्तावक का नाम** | **प्रस्ताव का रूप** |
|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी,<br>डॉ0 मुकेश वर्मा,<br>श्री रविदास मेहरोत्रा,<br>श्री आनन्द कुमार यादव,<br>श्री गौरव कुमार रावत,<br>श्री आशु मलिक,<br>श्रीमती ऊषा मौर्या,<br>श्री चन्द्र प्रकाश लोधी,<br>श्री राकेश कुमार यादव,<br>श्री हिमान्शु यादव,<br>श्री जय प्रकाश अंचल,<br>श्री राम सिंह पटेल,<br>श्रीमती सैय्यदा खातून,<br>श्रीमती इन्द्राणी वर्मा,<br>श्री राम अवतार सिंह,<br>इंजी0 बृजेश कठेरिया,<br>श्री सुधाकर सिंह,<br>श्री महबूब अली,<br>श्री वीरेन्द्र यादव,<br>डॉ0 पल्लवी पटेल एवं<br>श्री वीरेन्द्र चौधरी। | |

------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) द्वारा मुद्रित।